# अडानी ग्रुप करेगा 100 अरब डॉलर का निवेश

**रिन्यूएबल और पावर सेक्टर में बड़ी विस्तार योजना : सागर अडानी**

**30,000 मेगावाट क्षमता की मेगा परियोजना पर काम जारी**




**नई दिल्ली, 29 अप्रैल** वैश्विक ऊर्जा बाजार में जारी अनिश्चितताओं और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता सबसे बड़ी प्राथमिकता बनकर उभरी है. यह बात उद्योगपति सागर अडानी ने द इकोनॉमिस्ट इम्पैक्ट रेजिलिएंट फ्यूचर्स समिट के दौरान मीडिया से बातचीत में कही.

उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के ओपेक से बाहर होने की संभावित स्थिति और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण मार्गों में बाधाओं के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ सकता है, लेकिन इसका वास्तविक प्रभाव क्या होगा, यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा. उन्होंने यह भी कहा कि भारत और यूएई के बीच मजबूत रणनीतिक संबंध हैं, जिससे भारत के लिए स्थिति अपेक्षाकृत अनुकूल रह सकती है.

सागर अडानी ने जोर देकर कहा कि वर्तमान समय में भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य 'ऊर्जा आत्मनिर्भरता' और 'ऊर्जा सुरक्षा' को मजबूत करना है. उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में ऊर्जा संकट का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया है और इसका असर आम जनता पर सीमित रखा गया है.

> अडानी समूह की योजनाओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी देश में ऊर्जा परिवर्तन के लिए 100 अरब डॉलर के निवेश की योजना पर काम कर रही है. इसमें नवीकरणीय ऊर्जा, ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर और थर्मल पावर सेक्टर शामिल हैं. उन्होंने बताया कि गुजरात के खावड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल-लोकेशन रिन्यूएबल एनर्जी परियोजना विकसित की जा रही है, जिसकी क्षमता 30,000 मेगावाट होगी.

# वीआईटी-एपी में शुरू हुई वीआईटीईईई 2026 परीक्षा

## देश भर के 129 शहरों और 9 अंतरराष्ट्रीय केंद्रों में परीक्षा जारी

**चेन्नई, 29 अप्रैल. यह भारत की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है. कंप्यूटर आधारित यह परीक्षा वेल्लोर, चेन्नई, अमरावती और भोपाल के वीआईटी परिसरों में बी.टेक कार्यक्रमों में प्रवेश का माध्यम है.**



इस अवसर पर वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. अरुलमोझिवर्मन ने कहा कि परीक्षा 3 मई, 2026 तक देश भर के केंद्रों में आयोजित की जाएगी. उन्होंने बताया कि भारत के 129 शहरों के 212 केंद्रों के साथ-साथ 9 अंतर्राष्ट्रीय स्थानों—सिंगापुर, कतर, मस्कट, दुबई, कुवैत, अल मनामा, अबू धाबी, मलेशिया और शारजाह के छात्र भी इस वर्ष परीक्षा में शामिल हो रहे हैं. परिणाम मई 2026 के दूसरे सप्ताह में घोषित होने की उम्मीद है और उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट देख सकते हैं.

रजिस्ट्रार डॉ. जगदीश चंद्रा ने सूचित किया कि वीआईटीईईई के साथ अन्य प्रवेश परीक्षाएं भी निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जा रही हैं:

- वीआईटीईईई 2026: 28 अप्रैल से 3 मई 2026
- रिसर्च / एम.टेक / लॉ / एमबीए: 28 अप्रैल और 3 मई 2026

> उन्होंने कहा कि वीआईटीईईई हर साल बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को आकर्षित करता है, जो इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और भविष्य के इंजीनियरों को तैयार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए, उप निदेशक (प्रवेश) डॉ. जॉन प्रदीप ने बताया कि 1.5 लाख तक रैंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार वीआईटी-एपी की ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे, जो मई-जून 2026 के दौरान आयोजित की जाएगी.

# गुजरात में वंदे भारत से यात्रियों ने किया सफर

## महिलाओं की रही पहली पसंद

**अहमदाबाद,29 अप्रैल. भारतीय रेलवे की प्रीमियम सेमी-हाईस्पीड सेवा वंदे भारत एक्सप्रेस ने देश में आधुनिक रेल यात्रा की नई पहचान स्थापित की है. फरवरी 2019 में एक सेवा से शुरू होकर आज यह नेटवर्क देशभर में 162 से अधिक ट्रेनों तक विस्तारित हो चुका है, जो प्रमुख शहरों को तेज, सुरक्षित और** आरामदायक यात्रा से जोड़ रहा है. गुजरात से संचालित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों ने यात्रियों के बीच विशेष लोकप्रियता हासिल की है. 1 अक्टूबर 2022 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि में राज्य से संचालित 6 जोड़ी वंदे भारत ट्रेनों में लगभग 73 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जबकि इनसे कुल ?722 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है. अहमदाबाद-मुंबई मार्ग पर दोनों वंदे भारत सेवा यात्रियों की पहली पसंद बन चुकी है. पेशेवर, व्यवसायिक तथा नियमित यात्री इस सेवा का व्यापक रूप से उपयोग कर रहे हैं.

**722 करोड़ से अधिक का राजस्व किया अर्जित**





**गुजरात से 6 संचालित वंदे भारत ट्रेनों का विवरण**

- मुंबई सेंट्रल - गांधीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस : सेवा प्रारंभ 01 अक्टूबर 2022
- साबरमती - जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस : सेवा प्रारंभ 09 जुलाई 2023
- अहमदाबाद - ओखा वंदे भारत एक्सप्रेस : सेवा प्रारंभ 25 सितंबर 2023
- मुंबई सेंट्रल - अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस : सेवा प्रारंभ 13 मार्च 2024
- साबरमती - वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस : सेवा प्रारंभ 27 मई 2025
- असारवा - उदयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस : सेवा प्रारंभ 18 फरवरी 2026

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

## सेंसेक्स 77,496 और निफ्टी 24,178 पर बंद



**मुंबई, 29 अप्रैल भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को निवेशकों की मजबूत खरीदारी के चलते लगातार दूसरे दिन तेजी दर्ज की गई. दिन के कारोबार के अंत में सेंसेक्स 609 अंक की बढ़त के साथ 77,496 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 182 अंक की तेजी के साथ 24,178 के स्तर पर पहुंच गया.**

बाजार में इस तेजी का नेतृत्व ऑटो, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों ने किया. निवेशकों की मजबूत खरीदारी से पूरे बाजार में सकारात्मक माहौल बना रहा. टॉप गेनर्स में आईटीसी, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़े शेयर शामिल रहे, जिन्होंने बाजार को मजबूती दी.

> हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,104 करोड़ रुपये की बिकवाली की, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत खरीदारी ने इस दबाव को संतुलित कर दिया. विशेषज्ञों का मानना है कि घरेलू निवेशकों का भरोसा बाजार की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. वैश्विक स्तर पर भी संकेत मिश्रित रहे. एशियाई बाजारों में कोरिया और हॉन्गकॉन्ग में तेजी देखने को मिली, जबकि जापान का बाजार गिरावट में रहा. वहीं अमेरिकी बाजारों में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई.

## लैब-ग्रोन डायमंड सेक्टर में बड़ा निवेश

**मुंबई, 29 अप्रैल** ढोलकिया लैब ग्रोन डायमंड ने विभिन्न निवेशकों से 800 करोड़ रुपये की पूंजी जुटायी है. कंपनी ने बुधवार को बताया कि मुख्य निवेश अबैकस से प्राप्त हुआ है. साथ ही आईसीआईसीआई वेंचर्स आईएएफ5, अमल पारिख और अन्य प्रमुख निवेशकों ने भी डीएलजीडी में पूंजी लगायी है. यह देश के लैब-ग्रोन डायमंड सेक्टर में विकास के चरण में सबसे बड़े निवेशों में से एक है. ढोलकिया लैब ग्रोन डायमंड में कहा गया है कि इस पूंजी का इस्तेमाल कंपनी के अगले चरण के विकास के लिए किया जायेगा.

# ओपेक से बाहर हुआ यूएई

**नयी दिल्ली, 29 अप्रैल संयुक्त अरब अमीरात ने लगभग 60 साल बाद ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपेक) से बाहर होने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है. इस फैसले को वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक बड़े भू-राजनीतिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिसका असर न केवल तेल की कीमतों पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर भी पड़ सकता है.**

सूत्रों के अनुसार, यूएई और सऊदी अरब के बीच लंबे समय से तेल उत्पादन नीति को लेकर मतभेद चल रहे थे. यूएई वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और उत्पादन क्षमता में अधिक स्वतंत्रता चाहता था, जबकि सऊदी अरब उत्पादन नियंत्रण और कीमतों को स्थिर रखने की नीति पर जोर दे रहा था. इसी असहमति ने अंततः यूएई को ओपेक से अलग होने के फैसले तक पहुंचाया.

इस घटनाक्रम का असर पाकिस्तान पर भी पड़ने की संभावना जताई जा रही है, क्योंकि वह मध्य पूर्वी देशों के साथ अपने ऊर्जा और कूटनीतिक संबंधों पर काफी निर्भर है.


**कार्यालय नगर परिषद बड़कुही तह0 परासिया जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र)**

क्रमांक / 284/ न.पा./2026 बड़कुही दिनांकः-28/04/2026

**//निविदा सूचना//**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु गवर्मेंट ई-मार्केट (GEMS) में पंजीकृत विक्रेताओ/सर्विस प्रोवाईडरों से गर्वमेंट ई-मार्केट (GEMS) के माध्यम से ऑनलाईन निम्न सेवा एवं सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा (BIDS) का विस्तृत बेबसाईट https://www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित राशि(लाख रु. में) | धरोहर राशि(लाख रु. में) | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | कार्य की समयावधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| GEM/2025/B/7471177 | Lighting pole or post and hardware | 200000.00 | As per Gems Rules | As per Gems Rules | सक्षम श्रेणी | 15 दिवस |

**शर्ते** - (1) निविदा वेबसाइट https://www.gem.gov.in के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। (2) निविदा प्रारम्भ की दिनांक 23.04.2026 एवं निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.04.2026 है।

**नोट** - (1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन (GEM) में संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रो में नही।

CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PARISHAD BADKUHI



**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम**

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003

फोन : +91 755 4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com

Your host in the heart of India www.mpstdc.com

क्रमांक 195/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 29.04.2026

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नि.सू. क्र./सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1 | 156/2026_STDC_504043_1/स्टेट म्यूजियम भोपाल में बाउंड्रीवाल का निर्माण एवं रिज़र्व गैलरी का उन्नयन तथा अन्य कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 09 माह)। | 180.74 |
| 2 | 157/2026_STDC_504044_1/जिला राजगढ़ स्थित Govt. H.S.S. किला अमरगढ़ (UDISE code 23300120403) में 05 नं. अतिरिक्त क्लास रूम, टॉयलेट का निर्माण एवं रिपेंटिंग के कार्य (आंतरिक विद्युतीकरण सहित) (द्वितीय आमंत्रण)। (कार्यपूर्णता का समय 10 माह) | 117.40 |
| 3 | 158/2026_STDC_504046_1/स्टेट म्यूजियम भोपाल के ऑडिटोरियम ब्लॉक स्थित आयुक्त कक्ष, स्टाफ कक्ष, संयुक्त संचालक कक्ष एवं वाकणकर कार्यालय के रिनोवेशन का कार्य। (कार्यपूर्णता का समय 06 माह)। | 76.93 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 13.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125561/2026 **कार्यपालन यंत्री**



**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम**

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल- 462003

फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com

क्रमांक : 201/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 29.04.2026

**निविदा सूचना 160/2026_STDC_504104_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :- ग्रांड होटल उज्जैन में बाहरी विद्युतीकरण, फसाड इल्युमिनेशन, एयर कंडीशनिंग एवं ई.एल.व्ही. के कार्य (12 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 495.97 लाख**

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 18.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125564/2026 **कार्यपालन यंत्री**



**नं.ए-12024/1/2026-स्थापना**

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग**

मानव अधिकार भवन, 'सी' ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली - 110 023

**विज्ञापन संख्या 05/2026**

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में अनुबंध के आधार पर 'कानूनी अनुसंधान सलाहकार' के रूप में युवा पेशेवरों का पैनल बनाना**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) अनुबंध के आधार पर 'कानूनी अनुसंधान सलाहकार' के रूप में पैनल में शामिल होने के लिए पात्र कानून स्नातकों (law graduates) से आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों को मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए प्रक्रियात्मक नियमों का अच्छा ज्ञान होना चाहिए.

2. यह नियुक्ति राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) में कानूनी अनुसंधान सलाहकार के रूप में युवा पेशेवरों की नियुक्ति के दिशा-निर्देशों में निर्धारित नियमों और शर्तों द्वारा शासित होगी. इच्छुक उम्मीदवारों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट : www.nhrc.nic.in (https://nhrc.nic.in/flipbook/act_rule_sop_guideline/2) पर उपलब्ध विस्तृत दिशा-निर्देशों को देखने की सलाह दी जाती है.

पात्र उम्मीदवार समाचार पत्रों में सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर लिंक https://hrcnet.nic.in/job/candidate/Register.aspx के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. नियत तिथि के बाद या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.

मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार, आवश्यक योग्यता देश के एक प्रतिष्ठित लॉ स्कूल या कॉलेज से कानून में स्नातक की डिग्री (LL.B) है, जिसमें न्यूनतम 70% अंक या समकक्ष ग्रेड हो. बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में, आयोग उन उम्मीदवारों तक विचार सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जो न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अलावा, कानून में स्नातक की डिग्री में उच्च प्रतिशत प्राप्त कर चुके हैं या उनके पास LL.M जैसी उच्च योग्यता है.

**(मुकेश कुमार)**
**अवर सचिव (सचिव)**

सीबीसी-53101/11/0004/2627



**एचईजी लिमिटेड**

PROUD TO BE INDIAN PRIVILEGED TO BE GLOBAL

**31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण** (₹ करोड़ में, प्रति शेयर आय को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-03-2026 | 31-12-2025 | 31-03-2025 | 31-03-2026 | 31-03-2025 | 31-03-2026 | 31-12-2025 | 31-03-2025 | 31-03-2026 | 31-03-2025 |
| | | को समाप्त तिमाही | | | को समाप्त वर्ष | | को समाप्त तिमाही | | | को समाप्त वर्ष | |
| | | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 603.21 | 655.66 | 536.58 | 2,568.50 | 2,152.71 | 603.21 | 655.67 | 536.58 | 2,568.50 | 2152.71 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, विशिष्ट एवं / अथवा असाधारण मदों तथा सहयोगियों के लाभ/(हानि) के भाग के पूर्व) | (189.01) | 180.10 | (71.60) | 246.40 | 147.82 | (171.71) | 181.23 | (69.21) | 288.86 | 147.63 |
| 3. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (विशिष्ट एवं / अथवा असाधारण मदों तथा सहयोगियों के लाभ/(हानि) के भाग के पश्चात्) | (189.01) | 180.10 | (71.60) | 246.40 | 147.82 | (144.94) | 246.37 | (79.76) | 404.37 | 165.11 |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों तथा सहयोगियों के लाभ / (हानि) के भाग के पश्चात्) | (163.19) | 141.25 | (61.68) | 180.72 | 101.31 | (118.80) | 207.25 | (68.83) | 337.97 | 118.61 |
| 5. | अवधि हेतु डिस्कंटीन्यूड प्रचालनों से कर पश्चात् लाभ/(हानि) | - | - | - | - | - | 5.03 | (0.28) | (4.84) | 3.39 | (3.55) |
| 6. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [(अवधि हेतु लाभ / (हानि) (कर पश्चात्) एवं अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल कर के)] | (164.67) | 141.42 | (62.38) | 178.38 | 101.28 | (115.37) | 207.29 | (74.66) | 338.88 | 114.67 |
| 7. | समता अंश पूँजी | 38.60 | 38.60 | 38.60 | 38.60 | 38.60 | 38.60 | 38.60 | 38.60 | 38.60 | 38.60 |
| 8. | संचित (पुनः मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त) | - | - | - | 4,264.57 | 4,120.93 | - | - | - | 4,719.32 | 4,415.17 |
| 9. | प्रति अंश आय (₹ 2/- प्रत्येक) (जारी एवं डिस्कंटीन्यूड प्रचालनों हेतु) (तिमाही हेतु वार्षिकृत नहीं) | | | | | | | | | | |
| | मूलभूतः (₹ में) | (8.46) | 7.32 | (3.20) | 9.36 | 5.25 | (5.90) | 10.72 | (3.82) | 17.69 | 5.96 |
| | तरलः (₹ में) | (8.46) | 7.32 | (3.20) | 9.36 | 5.25 | (5.90) | 10.72 | (3.82) | 17.69 | 5.96 |

**टिप्पणियाँ:**

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों (www.bseindia.com / www.nseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.hegltd.com) पर उपलब्ध हैं।
2. अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों में – (i) एचईजी लिमिटेड ("होल्डिंग कंपनी") (ii) पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी – टीएसीसी लिमिटेड (iii) पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी – एचईजी ग्रेफाइट लिमिटेड (iv) पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी – भिलवाड़ा इंफोटेक्नोलॉजी लिमिटेड (v) एसोसिएट – भिलवाड़ा एनर्जी लिमिटेड के लाभ का हिस्सा तथा कुल आय (vi) एसोसिएट – टेक्सनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (13 नवम्बर, 2025 तक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी – भीलवाड़ा इन्फोटेक्नोलॉजी लिमिटेड की सहयोगी कंपनी) के लाभ का हिस्सा तथा कुल व्यापक आय शामिल है।

कृते एचईजी लिमिटेड
हस्ता/-
रवि झुनझुनवाला
अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
डीआइएनः 00060972

स्थान : नोएडा (उ.प्र.)
दिनांक : 29 अप्रैल 2026

**CIN: L23109MP1972PLC008290**

**पंजीकृत कार्यालयः** मंडीदीप (भोपाल के निकट) जिला रायसेन-462046,(म.प्र.), फोनः 07480-233524, 233525; फैक्सः 07480-233522

**कॉर्पोरेट कार्यालयः** भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा-201301, (उ.प्र.), फोनः 0120-4390300 (ईपीएबीएक्स); फैक्सः 0120-4277841

ई-मेलः heg.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाईटः www.hegltd.com